Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **जयपुर में भंवर कंवर, निदेशक, मीरा केशव महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, ग्राम मदाउ (मानसरोवर) तहसील सांगानेर, जयपुर 4500/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।**

जयपुर, दिनांक 23 दिसम्बर, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जयपुर एस.यू.–प्रथम द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपिया **भंवर कंवर, निदेशक, मीरा केशव महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, ग्राम मदाउ (मानसरोवर) तहसील सांगानेर, जयपुर** को परिवादी से **4500/– रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान के **महानिदेशक श्री गोविन्द** गुप्ता ने बताया कि एसीबी जयपुर एस.यू.–प्रथम को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की उक्त कॉलेज में उपस्थिति पूर्ण करने की एवज में आरोपिया भंवर कंवर, निदेशक द्वारा परिवादी से पांच हजार रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक–पुलिस श्री अनिल कयाल** के सुपरविजन में एसीबी जयपुर एस.यू.–प्रथम की **पुलिस निरीक्षक श्रीमती अर्चना मीणा** द्वारा आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपिया महिला भंवर कंवर, निदेशक, मीरा केशव महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, ग्राम मदाउ मदाउ (मानसरोवर) तहसील सांगानेर, जयपुर को 4500/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपिया से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है । एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।